मसीह से सम्बन्धित भविष्यवाणियां

दाऊद का पुत्र (2 शमूएल 7:12)

इस्राएल के राजा दाऊद ने लगभग 1,000 ई.पू. परमेश्वर के घर के रूप में एक स्थाई मन्दिर बनाने की इच्छा की थी। तब, परमेश्वर ने दाऊद को उसका घर बनाने की अपनी योजना के बारे में बताया (2 शमूएल 7:11)। दाऊद के लिए जिस घर को बनाने की परमेश्वर की योजना थी वह लकड़ी और पत्थर का नहीं होना था अर्थात वह घर दाऊद के वंश का घर होना था। यह उसकी संतान के वंशजों अर्थात उसका पारिवारिक घर होना था। परमेश्वर ने दाऊद के पुत्र सुलैमान के साथ सीधी बात की:

> मेरे नाम का घर वही बनवाएगा, और मैं उसकी राजगद्दी को सदैव स्थिर रखूंगा। मैं उसका पिता ठहरूंगा, और वह मेरा पुत्र ठहरेगा। ... तेरा घराना और तेरा राज्य मेरे साम्हने सदा अटल बना रहेगा; तेरी गद्दी सदैव बनी रहेगी (2 शमूएल 7:13, 14क, 16)।

परन्तु, अप्रत्यक्ष रूप से परमेश्वर ''अपने दास [दाऊद] के घराने के विषय में बहुत आगे के भविष्य के दिनों तक'' बात कर रहा था (2 शमूएल 7:19)। यह भविष्यवाणी और प्रतिज्ञा सुलैमान के बहुत दिनों बाद पूरी हुई।

परमेश्वर की प्रतिज्ञा एक शपथ के रूप में दी गई थी: ''एक बार मैं अपनी पवित्रता की शपथ खा चुका हूं; मैं दाऊद को कभी धोखा न दूंगा। उसका वंश सर्वदा रहेगा, और उसकी राजगद्दी सूर्य की नाईं मेरे सम्मुख ठहरी रहेगी'' (भजन संहिता 89:35, 36); ''यहोवा ने दाऊद से सच्ची शपथ खाई है और वह उससे न मुकरेगा: कि मैं तेरी गद्दी पर तेरे एक निज पुत्र को बैठाऊंगा'' (भजन संहिता 132:11)। यद्यपि राजाओं तथा लोगों ने दाऊद के पुत्र का विरोध करना था (भजन 2:1-3), परन्तु परमेश्वर ने अपनी शपथ पूरी करने की ठान रखी थी। भजन लिखने वाले ने भविष्यवाणी की कि परमेश्वर कहेगा ''मैं तो अपने ठहराए

हुए राजा को अपने पवित्र पर्वत सिय्योन की राजगद्दी पर बिठा चुका हूं'' (भजन संहिता 2:6)। भजन लिखने वाले ने यह पूर्व सूचना भी दी कि दाऊद के वंश से परमेश्वर क्या कहेगा: ''तू मेरा पुत्र है, आज तू मुझ से उत्पन्न हुआ'' (भजन संहिता 2:7)।

पवित्र आत्मा ने दाऊद को अपनी संतान के बारे में असामान्य भविष्यवाणियां करने की अनुमति दी थी। दाऊद ने अपने उत्तराधिकारी को अपना ही ''प्रभु'' कहा (भजन 110:1)। किसी पिता के लिए अपनी ही संतान के प्रभुत्व, अधिकार में आने की बात असामान्य सी है; फिर भी दाऊद ने अपने पुत्र के सामने अपनी अधीनता की स्पष्ट पूर्वसूचना दे दी। इसके अलावा दाऊद ने यह भी पहले से देख लिया कि उसकी संतान के अधिकार का स्थान सांसारिक यरूशलेम नहीं, बल्कि परमेश्वर का ''दाहिना हाथ'' होगा (भजन 110:1)। दाऊद ने बहुत ही असाधारण ढंग से बताया कि उसका पुत्र राजा होने के साथ-साथ याजक भी होगा: ''यहोवा ने शपथ खाई और न पछताएगा, कि तू मेल्कीसेदेक की रीति पर सर्वदा का याजक है'' (भजन संहिता 110:4; देखिए जकर्याह 6:13)। दाऊद न तो याजक था और न ही बन सकता था; उसका सिंहासन स्वर्ग में परमेश्वर के दाहिने हाथ नहीं था। इन शब्दों में, दाऊद अपने पुत्र की सर्वोच्चता को स्वीकार कर रहा था।

इसके अतिरिक्त दाऊद ने उसकी बात करते हुए, जिसका सिंहासन सदा तक रहना था, उसे ''परमेश्वर'' कहा (भजन 45:6)। इस प्रकार की स्पष्ट भविष्यवाणियां कैसे पूरी हो सकती थीं? दाऊद के पुत्र का सिंहासन सदा तक रहना था, उसने दाऊद का ही प्रभु होना था, उसने परमेश्वर के दाहिने हाथ होना था। उसने अपने सिंहासन पर याजक और परमेश्वर होना था!

दाऊद की मृत्यु के लगभग दो सौ वर्ष बाद, होशे ने भविष्य में झांका और कहा कि अन्त के दिनों में इस्राएल की संतान परमेश्वर ''और अपने राजा दाऊद को'' ढूंढ़ेंगी (होशे 3:5)। स्पष्टतः, उसके कहने का अर्थ यह नहीं था कि वे मृत राजा को ढूंढ़ेंगे, बल्कि उसकी वंशावली में से एक को ढूंढ़ेंगे जिसे वैध रूप से ''दाऊद'' कहा जा सकता था।

आठवीं शताब्दी के भविष्यवक्ता यशायाह के अनुसार, दाऊद के आने वाले वंश ने अपने प्रसिद्ध पिता से आगे निकल जाना था। उसे अद्भुत युक्ति करने वाला, सर्वशक्तिमान परमेश्वर, अनादि पिता, शान्ति का राजकुमार आदि पद मिलने से ''दाऊद के सिंहासन और उसके राज्य पर'' सम्मान के पद मिलने थे (यशायाह 9:6, 7)। जैसा उसका प्रबन्ध होना था, उसकी भी भविष्यवाणी की गई थी: ''तब दया के साथ एक सिंहासन स्थिर किया जाएगा और उस पर दाऊद के तम्बू से सच्चाई के साथ एक विराजमान होगा जो सोच विचार कर सच्चा न्याय करेगा और धर्म के काम पर तत्पर रहेगा'' (यशायाह 16:5)।

परमेश्वर ने उसे सारा अधिकार देने की प्रतिज्ञा की थी: ''और मैं दाऊद के घराने की कुंजी उसके कंधे पर रखूंगा, और वह खोलेगा और कोई बन्द न कर सकेगा; वह बन्द करेगा और कोई खोल न सकेगा'' (यशायाह 22:22)। यशायाह ने कहा कि उसके इस वंश के द्वारा, लोगों को परमेश्वर की अनन्त वाचा में भागीदार बनने का निमन्त्रण दिया जाएगा जिसे ''दाऊद पर की अटल करुणा की वाचा'' कहा गया था (यशायाह 55:3)। परमेश्वर ने

दाऊद की मृत्यु के लगभग चार सौ वर्ष बाद स्वर्ग की पक्की प्रतिज्ञा की पुष्टि करने के लिए यिर्मयाह को इस्तेमाल किया (यिर्मयाह 33:20, 21)।

दाऊद की मृत्यु के लगभग पांच शताब्दियों बाद, जब यहूदी बाबुल में थे, तो परमेश्वर ने दाऊद को दी गई अपनी प्रतिज्ञा की फिर से पुष्टि की: ''और मैं उन पर ऐसा एक चरवाहा ठहराऊंगा जो उनकी चरवाही करेगा, वह मेरा दास दाऊद होगा, वही उनको चराएगा, ... और मैं, यहोवा, उनका परमेश्वर ठहरूंगा, और मेरा दास दाऊद उनके बीच प्रधान होगा; ...'' (यहेजकेल 34:23, 24)। होशे की भविष्यवाणी की तरह, परमेश्वर ने यहेजकेल के द्वारा दाऊद की संतान को ऐसे कहा जैसे वह स्वयं दाऊद ही हो। फिर परमेश्वर ने अपनी प्रतिज्ञा दोहराई: ''मेरा दास दाऊद उनका राजा होगा; सो उन सभों का एक ही चरवाहा होगा। ... और मेरा दास दाऊद सदा उनका प्रधान रहेगा'' (यहेजकेल 37:24, 25)।

दाऊद की ईश्वरीय संतान से सम्बन्धित ''आगे के बहुत दिनों'' की आश्चर्यजनक भविष्यवाणियां (2 शमूएल 7:19) दाऊद के लगभग एक हज़ार वर्ष तक कब्र में रहने के बाद पूरी होने लगीं। जिब्राइल फरिश्ते को, नासरत की रहने वाली मरियम नाम की एक भयभीत स्त्री के पास भेजा गया, उसने उसे बताया कि उसके यहां एक पुत्र उत्पन्न होगा। उसने उसे आश्वासन दिया, ''वह महान होगा; और परमप्रधान का पुत्र कहलाएगा; और प्रभु परमेश्वर उसके पिता दाऊद का सिंहासन उस को देगा'' (लूका 1:32)। जिब्राइल का संदेश था कि परमेश्वर बहुत पहले की हुई अपनी प्रतिज्ञा को पूरा करेगा: ''मैं उसका पिता ठहरूंगा, और वह मेरा पुत्र ठहरेगा'' (2 शमूएल 7:14)। उसने मरियम को बताया, ''इसलिए वह पवित्र जो उत्पन्न होने वाला है, परमेश्वर का पुत्र कहलाएगा'' (लूका 1:35)।

यहूदी लोग मसीह को केवल दाऊद के शारीरिक पुत्र के रूप में देखते थे, संसार के प्रभु के रूप में नहीं। परन्तु, जब यीशु ने ध्यान दिलाया कि दाऊद ने स्वयं भविष्यवाणी की थी कि उसका पुत्र उसका अपना प्रभु ही होगा तो उन्हें कोई जवाब न आया (मत्ती 22:41-46)।

यीशु ने मरे हुओं में से जी उठकर, कि फिर ''कभी न सड़े'' वह काम किया जो न तो दाऊद और न कोई अन्य कर सका था (प्रेरितों 13:34)। तब वह आठ शताब्दियों पूर्व की गई यशायाह (55:3) की भविष्यवाणी के अनुसार ''दाऊद पर की पवित्र और अचल कृपा'' को पाने के लिए तैयार था (प्रेरितों 13:34)। दाऊद के साथ की गई आशीष की दृढ़ प्रतिज्ञा, कि उसका एक वंशज दाऊद के सिंहासन पर सदा-सदा के लिए विराजमान रहेगा (2 शमूएल 7:12-14), उस उत्तराधिकारी में आश्चर्यजनक ढंग से पूरी हुई जो कभी नहीं मर सकता।

परमेश्वर की योजना में यीशु का जी उठना इतना महत्वपूर्ण है कि परमेश्वर ने ''आज तू मुझ से उत्पन्न हुआ'' की भविष्यवाणी करते हुए उसे ''अपना पुत्र'' कहा (भजन संहिता 2:7ख; देखिए प्रेरितों 13:33; रोमियों 1:4)। एक अर्थ में यीशु को अपने जी उठने से तैंतीस वर्ष पूर्व ही परमेश्वर का पुत्र कहा गया था (लूका 1:35)। परन्तु सांकेतिक अर्थ में जी उठने के दिन ही वह परमेश्वर का पुत्र बना (प्रेरितों 13:33)।

जी उठने के पचास दिन बाद, यीशु ने स्वर्ग में दाऊद के आत्मिक सिंहासन पर

परमेश्वर के दाहिने हाथ अपना स्थान ग्रहण कर लिया (प्रेरितों 2:29-31)। इससे कई भविष्यवाणियां पूरी हुईं: भजन 2:6; 132:11; 89:34-37; यशायाह 9:6, 7; 16:5; होशे 3:5; यिर्मयाह 33:20, 21; यहेजकेल 34:23, 24; 37:24, 25. पुनरुत्थान में पूरी होने वाली भविष्यवाणी ही ("आज तू मुझ से उत्पन्न हुआ"; भजन 2:7) पिन्तेकुस्त के दिन यीशु के राज्याभिषेक के समय पूरी हुई थी (इब्रानियों 1:1-5)। वही वह दिन था जब वह भजन संहिता 110:1 की भविष्यवाणी को पूरा करके, सब अधिकार पाकर सर्वोच्च स्थान पर परमेश्वर के दाहिने हाथ बैठा था (प्रेरितों 2:34; इब्रानियों 1:3)। जैसा कि भविष्यवाणी की गई थी, दाऊद की कुंजियां (यशायाह 22:22) यीशु को दे दी गई थीं (प्रकाशितवाक्य 3:7)। स्वर्ग के परमेश्वर ने यीशु को "परमेश्वर" कहा (भजन 45:6; इब्रानियों 1:8, 9)।

फिर, जिस दिन यीशु को राजा का मुकुट पहनाया गया था उसी दिन उसे महायाजक भी बनाया गया था (इब्रानियों 5:5)। इसकी भी, भविष्यवाणी की गई थी (भजन संहिता 110:4)। अभूतपूर्व और अविस्मरणीय भविष्यवाणियां बड़ी ही सावधानी से पूरी हुई थीं। दाऊद के पुत्र ने मृत्यु पर सदा के लिए विजय पा ली थी। उसे परमेश्वर का पुत्र कहा गया, उसे स्वर्ग में परमेश्वर के दाहिने हाथ बिठाकर दाऊद का प्रभु बनाया गया और उसे सारा अधिकार दे दिया गया था, महायाजक बना दिया गया और उसे "परमेश्वर" के रूप में सलाम किया गया था!

पीछे मुड़ने पर कोई देख सकता है कि "दाऊद के पुत्र" की भविष्यवाणी में बहुत सी भविष्यवाणियां शामिल थीं। प्रतिज्ञा की हुई दाऊद की संतान (2 शमूएल 7:12), दाऊद (होशे 3:5), दाऊद का प्रभु (भजन 110:1), एक चरवाहा (यहेजकेल 37:24, 25), एक याजक (भजन 110:4), अद्‌भुत युक्ति करने वाला (यशायाह 9:6), सर्वशक्तिमान परमेश्वर (यशायाह 9:6), अनादि पिता (यशायाह 9:6), शान्ति का राजकुमार (यशायाह 9:6), परमेश्वर का पुत्र (2 शमूएल 7:14) और परमेश्वर (भजन 45:6) होना था। उसे दाऊद का सिंहासन (भजन 89:35, 36), दाऊद की कुंजियां (यशायाह 22:22) और दाऊद की अटल करुणा की वाचा (यशायाह 55:3) मिलनी थी।

एक बेतलेहेमी (मीका 5:2)

आठवीं शताब्दी ई.पू. में परमेश्वर का वचन मीका मोरेशेती को मिला। अन्य भविष्यवाणियों में, प्रभु ने एक अप्रसिद्ध गांव की ओर संकेत किया और इसके प्रसिद्ध होने की बात की: "हे बेतलेहेम एप्राता, ... तुझ में से मेरे लिए एक पुरुष निकलेगा, जो इस्राएलियों में प्रभुता करने वाला होगा; और उसका निकलना प्राचीनकाल से वरन अनादि काल से होता आया है" (मीका 5:2)।

सात सौ से अधिक वर्षों बाद, एक पति और उसकी पत्नी (जो कुंवारी और गर्भवती थी) नासरत से बेतलेहेम नगर को गए। वहां रहते हुए उसने अपने पहलौठे पुत्र को जन्म दिया। फिर, एक सितारे से अगुआई पाकर, बुद्धिमान लोग यहूदियों के नये जन्मे राजा के बारे में पूछने लगे। इस बात से आश्चर्यचकित होकर कि जिस राजा को वे ढूंढ़ रहे थे, वह

भविष्यवाणी का मसीह हो सकता है, राजा हेरोदेस बड़ा चौकस हो गया। स्पष्टत:, वह जानता था कि मसीह के जन्म स्थान की भविष्यवाणी की हुई थी, परन्तु वह उस नगर का नाम जानने को व्याकुल नहीं था। उसे लगा, ''यदि मुझे पता चल जाए कि मसीह का जन्म कहां होना था, तो मैं उस विद्रोही राजा को ढूंढ़कर उसे खत्म कर सकता हूं।'' ''और उसने लोगों के सब महायाजकों और शास्त्रियों को इकट्ठा करके उन से पूछा, मसीह का जन्म कहां होना चाहिए?'' (मत्ती 2:4)। पुराने नियम का ज्ञान रखने वालों ने सही जवाब दिया, ''यहूदिया के बैतलहम में। क्योंकि, भविष्यवक्ता के द्वारा यों लिखा गया है'' (मत्ती 2:5)।

वर्षों बाद, घटी एक और घटना, यह पुष्टि करती है कि मसीह के जन्म के नगर के बारे में यहूदियों में कोई संदेह नहीं था। उनका तर्क रहता था: ''क्या पवित्र शास्त्र में यह नहीं आया, कि मसीह दाऊद के वंश से और बैतलहम गांव से आएगा जहां दाऊद रहता था?'' (यूहन्ना 7:42)।

मिसर से बुलाया गया (होशे 11:1)

सामूहिक रूप से, प्रभु इस्राएल के लगभग तीस लाख लोगों को एक व्यक्ति और परमेश्वर के साथ सम्बन्ध में, पिता के लिए एक पुत्र मानता था: ''यहोवा यों कहता है, कि इस्राएल मेरा पुत्र है ...'' (निर्गमन 4:22ख)। यह पुत्र बहुत ही प्रिय था, और कृपालु पिता अपने पुत्र की मिसर में गुलामी से बहुत दुखी था। दयालु पिता ने राहत भेजी। अपने शक्तिशाली हाथ और बढ़ाई हुई भुजा के साथ, मूसा को अगुआ बनाकर परमेश्वर ने अपने पुत्र को फिरौन की अमानवीय सेवा से छुड़ा लिया। ''जब इस्राएल बालक था, तब मैंने उससे प्रेम किया, और अपने पुत्र को मिस्र से बुलाया'' (होशे 11:1)। युवा राष्ट्र जिसे, परमेश्वर का पुत्र कहा गया, मिसर से निकलकर इस्राएल अर्थात फलस्तीन देश में चला गया।

लगभग 750 ई.पू. में, परमेश्वर ने होशे को यह लिखने की प्रेरणा दी कि वह इस्राएल से प्रेम करता था और उसने अपने पुत्र को मिसर से बुलाया था। वह अतीत को स्मरण भी कर रहा था और भविष्यवाणी भी कर रहा था अर्थात वह पीछे की ओर भी झांक रहा था और आगे भी देख रहा था। उसने समय के लगभग 750 वर्ष के अतीत की ओर देखा जब परमेश्वर के पुत्र (जिसे बाद में इस्राएल जाति का नाम दिया गया) ने फलस्तीन में जाने के लिए मिसर को छोड़ा था। वह परमेश्वर के एक और विलक्षण पुत्र की ओर 750 वर्ष आगे देख रहा था, जिसने इस्राएल के देश अर्थात फलस्तीन में जाने के लिए मिसर को छोड़ा था। उसने उस समय की ओर पीछे झांका जब इस्राएल एक युवा राष्ट्र अर्थात बालक था। उसने भविष्य के उस समय में भी झांका जब इस्राएल के प्रतिरूप, अर्थात यीशु ने एक बालक के रूप में आना था। वह उस समय की ओर झांका जब एक दुष्ट राजा, फिरौन ने परमेश्वर के पुत्र पर अत्याचार किया था। परमेश्वर उस समय में भी झांका जब एक दुष्ट राजा, हेरोदेस ने परमेश्वर के पुत्र का विनाश करने की इच्छा करनी थी।

इस्राएल के अतीत को स्मरण करते हुए, परमेश्वर होशे की कलम से भविष्य के लिए भी एक संदेश भेज रहा था। उसका अर्थ मत्ती 2:19-21 में प्रकट किया गया है:

> हेरोदेस के मरने के बाद, प्रभु के दूत ने मिस्र में यूसुफ को स्वप्न में दिखाई देकर कहा, उठ, बालक और उस की माता को लेकर इस्राएल के देश में चला जा; क्योंकि जो बालक के प्राण लेना चाहते थे वे मर गए। वह उठा, और बालक और उसकी माता को साथ लेकर इस्राएल के देश में आया।

स्वर्गदूत की बात मानकर, यूसुफ होशे 11:1 के भविष्यसूचक अर्थ को पूरा करने में परमेश्वर का उपकरण था। मत्ती ने लिखा है, ''इसलिए कि वह वचन जो प्रभु ने भविष्यवक्ता के द्वारा कहा था कि मैं ने अपने पुत्र को मिस्र से बुलाया, पूरा हो'' (मत्ती 2:15)।

इसलिए, होशे 11:1 पुराने नियम की एक अद्‌भुत अभिव्यक्ति है जिसका पुराने नियम में तो विशेष अर्थ है ही, नये नियम में और भी अधिक महत्व है।

तीस सिक्कों में बेचा गया (जकर्याह 11:12)

छठी शताब्दी के भविष्यवक्ता जकर्याह के अनुसार एक धोखेबाज षड्‌यन्त्रकारी लहू के लिए अपना मोल लेगा: ''यदि तुम को अच्छा लगे तो मेरी मजदूरी दो, और नहीं तो मत दो!'' (जकर्याह 11:12क)। भविष्यवक्ता ने पहले से बता दिया था कि धोखेबाज के षड्‌यन्त्रकारी साथी उसकी शर्तों से सहमत होंगे, और पहले से बताने वाले ने उस धोखेबाज के मुंह में शब्द डाल दिए: ''तब उन्होंने मेरी मज़दूरी में चान्दी के तीस टुकड़े तौल दिए'' (जकर्याह 11:12ख)। चांदी के एक सिक्के का मोल अमेरिकी मुद्रा के लगभग 64 सैंट और एक गुलाम की कीमत तीस सिक्के होती थी (निर्गमन 21:32)।

लगभग 500 वर्ष बाद जकर्याह की बातों का पूरा होना हैरान करने वाला है: ''तब यहूदा इस्करियोती नाम बारह चेलों में से एक ने महायाजकों के पास जाकर कहा, यदि मैं उसे तुम्हारे हाथ पकड़वा दूं, तो मुझे क्या दोगे? उन्होंने उसे तीस चान्दी के सिक्के तौलकर दे दिए'' (मत्ती 26:14, 15)।

परमेश्वर का त्यागा हुआ (भजन 22:1)

शाऊल या अबसालोन के डर से भागकर दाऊद को कई बार किसी गुफ़ा या लकड़ियों में छुपना पड़ा था। ऐसे समय, उसे लगता होगा कि परमेश्वर ने उसकी सहायता करना छोड़ दिया है। आवश्यकता के समय, जब ''मेरे और मृत्यु के बीच डग ही भर का अन्तर'' था (1 शमूएल 20:3), तो दाऊद के लिए यह पुकार उठना कि ''हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तू ने मुझे क्यों छोड़ दिया?'' (भजन संहिता 22:1क), एक आदमी की पुकार ही होती थी। परमेश्वर ने उसे नहीं छोड़ा था, क्योंकि परमेश्वर ने जो झूठ नहीं बोल सकता, जो पक्षपात नहीं करता, उसने प्रतिज्ञा की थी, ''न तो मैं तुझे धोखा दूंगा, और न तुझ को छोडूंगा'' (यहोशू 1:5ग; देखिए इब्रानियों 13:5)। फिर भी, इन्सान होने के कारण, दाऊद को लगा कि परमेश्वर ने उसे छोड़ दिया है, और उसकी पुकार का कारण समझ में आता है।

एक हज़ार वर्ष के बाद, दाऊद के एक पुत्र ने, जिसे शत्रुओं ने बहुत सताया था, क्रूस

से बड़े ज़ोर से पुकारा, ''हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तू ने मुझे क्यों छोड़ दिया ?'' (मत्ती 27:46)। बारह से लेकर दोपहर तीन बजे तक सूर्य के प्रकाश ने यीशु को छोड़ दिया था, उसके चेले भाग गए थे, और परमेश्वर ने उससे अपना मुख फेर लिया था। दाऊद के मामले में, परमेश्वर द्वारा उसे छोड़ा जाना वास्तविक नहीं था बल्कि यह तो एक सताए हुए चिन्तित व्यक्ति का अपना भाव था। यीशु के मामले में परमेश्वर द्वारा छोड़ा जाना वास्तविक था: क्रूसारोहण के घण्टों के दौरान, यीशु पाप का मूर्तरूप था। उसे ''हमारे लिए पाप ठहराया [गया था], कि हम उसमें होकर परमेश्वर की धार्मिकता बन जाएं'' (2 कुरिन्थियों 5:21)। पवित्र परमेश्वर बुराई को देख ही नहीं सकता (हबक्कूक 1:13), इसलिए उसके लिए अपनी नज़र फेरना आवश्यक था। यीशु को इसका अहसास था, क्योंकि उसके पिता ने उससे पहली बार अपना मुंह फेरा था।

इसके अलावा, व्यवस्था में कहा गया था, ''जो लटकाया गया हो वह परमेश्वर की ओर से शापित ठहरता है'' (व्यवस्थाविवरण 21:23); इसलिए, ''जो कोई काठ पर लटकाया जाता है वह शापित है'' (गलतियों 3:13)। यीशु हमारे लिए शापित बना।

किसी भी कारण से वह इस प्रकार के व्यवहार का अधिकारी नहीं था। जिन लोगों को मार पड़नी चाहिए थी, उन्हें छोड़ दिया गया (यशायाह 53:8), जबकि परमेश्वर ने ''हम सभों के अधर्म का बोझ उसी पर लाद दिया'' (यशायाह 53:6)। शांति के दिनों में इस आश्वासन के साथ कि पिता ने ''मुझे अकेला नहीं छोड़ा'' (यूहन्ना 8:29ख) कहकर उसने उसकी महिमा की थी; इस आश्वासन के साथ कि ''मैं जानता था, कि तू सदा मेरी सुनता है'' (यूहन्ना 11:42क) उसने आनन्द किया था। परन्तु, क्रूस पर, परमेश्वर ने उसकी नहीं सुनी; वहां पर परमेश्वर ने उसे बिल्कुल अकेले छोड़ दिया! यीशु ने उस अकेलेपन को महसूस किया था!

यीशु जानता था कि संसार को बचाने के लिए उसका पाप बनना आवश्यक था, और इसके लिए आवश्यक था कि परमेश्वर उसे छोड़ दे। फिर, वह इतनी जोर से क्यों चिल्लाया जैसे कि उसे समझ ही न हो कि परमेश्वर उससे दूर क्यों हुआ था ? शायद इस जीवन में हम इसे न जान पाएं; हो सकता है कि यीशु के संताप में रहने का कारण मनुष्य के रूप में उसका असहनीय कष्ट हो।

लाश जो फिर से जीवित हो गई (भजन 16:10)

भजन संहिता 16:10 पूरी तरह से भविष्यसूचक भविष्यवाणी है, जिसका अर्थ केवल यीशु से सम्बन्धित है: ''क्योंकि तू मेरे प्राण को अधोलोक में न छोड़ेगा, न अपने पवित्र भक्त को सड़ने देगा'' (भजन संहिता 16:10)। इस विशेष भविष्यवाणी में, दाऊद अपने बारे में नहीं लिख रहा था। मृत्यु के बाद, वह ''अपने बापदादों में जा मिला; और सड़ भी गया'' (प्रेरितों 13:36)। एक हज़ार वर्ष के बाद, पतरस ने दाऊद की उस अनखुली कब्र की ओर इशारा करते हुए कहा: ''हे भाइयो, मैं उस कुलपति दाऊद के विषय में तुम से साहस के साथ कह सकता हूं कि वह तो मर गया और गाड़ा भी गया और उसकी कब्र आज तक हमारे

यहां वर्तमान है'' (प्रेरितों 2:29)।

भविष्यवक्ता होने के कारण (प्रेरितों 2:30), दाऊद भविष्य में देख सका था (प्रेरितों 2:31)। भजन संहिता 16:10 लिखकर, उसने ''मसीह के जी उठने के विषय में भविष्यवाणी की कि न तो उसका प्राण अधोलोक में छोड़ा गया, और न उसकी देह सड़ने पाई। इसी यीशु को परमेश्वर ने जिलाया'' (प्रेरितों 2:31, 32क), और ''जिसको परमेश्वर ने जिलाया, वह सड़ने नहीं पाया'' (प्रेरितों 13:37)।